## खबर संक्षेप

### विद्यार्थी परिषद ने कुलगुरू को सौंपा ज्ञापन



**शहडोल।** निजी कालेजो द्वारा बच्चो को शिक्षा देने के नाम पर वसूली की जा रही है, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले जिले भर मे तमाम छात्र-छात्राओं ने विंध्य कॉलेज के कैम्पस मे प्राचार्य और संस्था के डायरेक्टर पर नाजायज पैसे वसूलने के खिलाफ कुलगुरू को ज्ञापन सौंपा। अभाविप ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि संस्था के प्राचार्य राकेश तिवारी द्वारा कॉलेज मे पढ़ने वाले बच्चो से उपस्थिति बढ़ाने के नाम पर प्रति छात्र से 5000-10000 वसूले जा रहे है। प्रैक्टिकल में नंबर ज्यादा दिलाने के नाम पर वसूली की जा रही है। ज्ञापन के माध्यम से अभाविप के छात्रों ने कार्यवाही की मांग की है। अभाविप ने विंध्य कॉलेज पर आरोप लगाते हुए बताया कि एडमिशन फॉर्म के नाम पर 500 रूपये मांगे जाते है और छात्रों को किसी प्रकार की रसीद नहीं दी जाती। छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए बताया गया की संस्था मे कार्यरत शिक्षकों सहित संस्था प्रमुख राकेश तिवारी द्वारा प्रति छात्र 2000 रुपयों की मांग प्रैक्टिकल मे नंबर चढ़ाने और अच्छे नंबर देने के नाम पर वसूली जा रही है, जिन छात्रों द्वारा इसका विरोध किया जाता है, उसे नंबर कम करने, फेल कर देने की धमकी दी जाती है। विंध्य कॉलेज में 8 विषय संचालित है, जिस पर दो शिक्षक है, विंध्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन में दो-दो प्रोफेशनल कोर्स संचालित हो रहे है, समस्त बीएड, डीएड महाविद्यालय खुद परीक्षा फार्म ज्यादा पैसे लेकर भरवा रहे हैं। पं. शंभूनाथ शुक्ल के कुलगुरू ने जांच दल गठित कर जांच का आश्वासन दिया है।

### नाबालिग बच्चे और किशोरियों को उतारा धंधे में

# नशा-नशा...नशे की धुंध में सिमटता शहडोल का युवा

### महंगे नशे से परे गांजे, शराब की हर 500 मीटर में बिक्री सोहागपुर-कोतवाली में दर्जनों गांजा व शराब के अवैध ठीहे









**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय में महानगरों की तर्ज पर चरस और कोकीन की बिक्री का खुलासा तो, पुलिस कार्यवाही ही कर चुकी है, लेकिन हर तीन से पांच सौ मीटर की दूरी पर गांजे और अवैध शराब की बिक्री ने शहर के युवाओं को नशे की धुंध में समेट लिया है। 30 से 50 रूपये गांजे की पुड़िया और बार की तर्ज पर किराना दुकानों से एक-एक पैग शराब का खुलेआम बेचा जा रहा है। संभाग बनने के बाद अब तक के वर्षो में शहडोल अब बीते एक साल के अवधि से नये-नये कीर्तिमान बना रहा है, पुलिसकर्मियों की पिटाई, सरेआम प्रभारी से लेकर मुखिया तक को गालियों से नवाजना और उनके घरो तक को बदमाशों द्वारा जब निशाना बना लिया जाये तो, ऐसी स्थिति में आम आदमी कहां तक खुद को राम-राज की कल्पना में रहने की ख्वाईश रखे। संगठित आपराधिक गिरोहों ने बीते वर्षो में इस तरह अपनी जड़े जमाई हैं कि खुद सिस्टम से बैठे सरकार के नुमाईंदे गिरोहों को ऑफ रिकार्ड मान्यता देते नजर आ रहे हैं। अवैध खनन, अवैध कबाड़, सरकारी भू-खण्डों की बिक्री और भ्रष्टाचार से दूर बीते कुछ माहों में संभागीय मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में नशा माफिया ने जिस तरह अपनी जड़े जमाई हैं, वह एक सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है। मुख्यालय में दो दर्जन से अधिक ऐसे ठीहे सामने आये हैं, जिसमें आबकारी और थानों के बीट प्रभारियों की शह पर गांजे और अवैध शराब की बिक्री छोटे-छोटे बच्चे और किशोरियां तक कर रही है, यह सबकुछ इतना खुले में तो, हो ही रहा है। इन ठीहों पर युवाओं की लंबी कतार उनके भविष्य को अंधकार में ले जाती हुई नजर आती है।

### 30 से 50 रूपये में गांजे की पुड़िया

मुख्यालय के सोहागपुर थाना अंतर्गत जमुई में हनुमान मंदिर के सामने वाली गली में घर से ही गांजे का धंधा हो रहा है, कोई भी व्यक्ति 30 से 50 रूपये की पुड़िया आसानी से खरीद सकता है। हरिभूमि टीम ने ऐसे कई स्थानों पर गांजे की बिक्री की पुष्टि के लिए उसे क्रय भी किया, इसी गांव में होटल की आड़ में ग्रामीण द्वारा गांजा बेचा जाता है, इसके द्वारा होटल के साथ ही गली में स्थित निर्माणाधीन मकान के अंदर गांजे का ठीहा बनाया गया है, यहां से भी गांजे की खुलेआम बिक्री होती है, वहीं आईटीआई के ठीक सामने रीवा रोड पर स्थित पान दुकान में तो, गुटखे के मानिंद पन्नी के पाऊच बनाकर बेचे जा रहे हैं, इसी तरह सोहागपुर थाना क्षेत्र में ही दर्जन भर से अधिक ऐसे ठीहे हैं, जिनकी जानकारी बीट प्रभारियों को भी है।

### बच्चों से बिकवा रहे शराब

ग्राम जमुई में ही बबलू नामक पान दुकान से शराब की अवैध बिक्री की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ कोनी तिराहे, रीवा रोड पर एक ढ़ाबे मे खुलकर शराब बेची जा रही है, यहां बोतल नहीं बल्कि एक-एक पाव का स्टॉक है, शराब दुकान से थोड़े से अधिक मूल्य पर यहां हर किस्म की अंग्रेजी और देशी शराब 24 घंटे उपलब्ध रहती है। शहर में इस तरह के दर्जनों ठीहे हैं, यहां सुरा प्रेमियों का जमघट लगा रहता है, इसके अलावा थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में भी इस तरह के ठीहे आबाद हैं।

### सिर्फ कच्ची तक सीमित कार्यवाही

शराब के वैध और अवैध कारोबार के साथ गांजे के धंधे पर चाबुक चलाने वाला आबकारी और पुलिस महकमा समय-समय पर कार्यवाही का कोरम पूरा तो करता है, लेकिन अकेले सोहागपुर थाने के एक साल के अंतराल में की गई कार्यवाहियों पर नजर डाले तो, 95 प्रतिशत शराब की कार्यवाही सिर्फ कच्ची शराब तक ही सिमट कर रह गई है, वहीं गांजे के फुटकर कारोबारियों की बात तो दूर यहां दर्जनों ठीहों तक हर सप्ताह पहुंच रही थोक खेपों तक की खबर पुलिस के सजग सूचना और मुखबिरी तंत्र को नहीं है। रही-सही कसर वरिष्ठों ने जयसिंहनगर में पकड़े गये करोड़ों के गांजे और उसे दबाने में पूरी कर दी।

## कांग्रेस ने मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



**शहडोल।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व एवं एआईसीसी के पदाधिकारी विवेक बंसल के मुख्य आतिथ्य मे जिला कांग्रेस द्वारा लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष, कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन केक काट कर व शासकीय चिकित्सालय केशवाही मे मरीजों को फल एवं मिष्ठान वितरित कर मनाया गया। इस दौरान एआईसीसी पदाधिकारी विवेक बंसल व जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता द्वारा कहा गया कि, राहुल गांधी शोषितों, वंचितों, दलितों, आदिवासियों तथा पिछड़ों के लिए सामाजिक न्याय की लड़ाई लडने वाले एक ऐसे नेता हैं जिनकी आज देश को जरूरत है।साथ ही इन्होंने जातिगत जनगणना की मांग को मजबूती देने और सामाजिक न्याय की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए राहुल गांधी का आभार व्यक्त किया।फल वितरण के दौरान केशवाही चिकित्सालय मे भर्ती मरीजों ने बताया कि यहां पर एक भी डॉक्टर पदस्थ नहीं हैं, जिस पर कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि केशवाही चिकित्सालय मे शीघ्र डॉक्टरों को पदस्थ किया जाए वर्ना कांग्रेस द्वारा उग्र प्रदर्शन व घेराव किया जिएगा। साथ ही एआईसीसी से नियुक्त पर्यवेक्षक विवेक बंसल ने संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत केशवाही उप ब्लाक मे समस्त कॉंग्रेसजन से रायशुमारी की। साथ ही एआईसीसी पदाधिकारी विवेक बंसल, जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता व प्रदेश सचिव अजय अवस्थी बकहो मे चल रहे क्रमिक अनशन कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए व आंदोलनकारियों की मांग को जायज ठहराते हुए प्रशासन से शीघ्र मांगे पूरी करने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान एआईसीसी पदाधिकारी विवेक बंसल, जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता, प्रदेश सचिव अजय अवस्थी, जिला मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव आशीष तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष उमा धुर्वे, पूर्व जिलाध्यक्ष आजाद बहादुर सिंह,प्रदेश संयुक्त सचिव प्रदीप सिंह,ओंकार सिंह, केशवाही ब्लाक अध्यक्ष अजय शर्मा, कुंजबिहारी द्विवेदी, अनिरुद्ध सिंह, पुष्पेंद्र शर्मा आदि कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## नगर मण्डल ने किया संकल्प सभा का आयोजन




**शहडोल।** मोदी सरकार के स्वर्णिम 11 वर्ष 'संकल्प से सिद्धि तक' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा नगर शहडोल में संकल्प सभा का आयोजन किया गया, भाजपा कार्यालय में शाम 05 बजे कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया, 7:30 बजे कार्यक्रम का समापन हुआ, कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष प्रियम मार्तण्ड त्रिपाठी, नगर उपाध्यक्ष मधु गौतम, ऋतुराज गुप्ता, गोपाल शर्मा, संचिता सर्वटे, राकेश सैनी, सोनू जायसवाल, नगर महामंत्री नागेंद्र गोले ,अनमोल सोनी, नगर मंत्री अंजना गुप्ता, राजेश सोनी, सीमा सराफ, राकेश कनौजिया, आयुष पाण्डेय, चन्द्रकान्त दुबे, नगर कोषाध्यक्ष अमन खरया, नगर सह कोषाध्यक्ष प्रयाग महाजन, नगर कार्यालय मंत्री अंकित सराफ, नगर सह कार्यालय मंत्री मोहित कुमार गुप्ता, नगर सोशल मीडिया प्रभारी बृजेन्द्र वर्मन, नगर सह-सोशल मीडिया प्रभारी आदित्य पाण्डेय, नगर मीडिया प्रभारी अमित दुबे, नगर सह मीडिया प्रभारी अजय मोटवानी, नगर कार्यालय प्रभारी प्रदीप गुप्ता, नगर आई.टी. सेल प्रभारी लवकेश तिवारी सहित महिला मोर्चा के पदाधिकारी मौजूद रही। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप मे भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक चंद्रेश द्विवेदी ने भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सभा को वरिष्ठ भाजपा नेत्री, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा गुप्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन नगर महामंत्री नागेन्द्र गोले ने किया। मंच पर नगर महामंत्री अनमोल वर्मा भी मंचासीन थे।

## सिकल सेल एनीमिया को रोकने जन जागरूकता आवश्यकः सिविल सर्जन



### जिला चिकित्सालय परिसर में की गई सिकल सेल एनीमिया की जांच

**शहडोल।** सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर जिला अस्पताल परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया को जड़ से खत्म करने के लिए जन जागरूकता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि सब मिलकर यह संकल्प लें कि वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश को सिकल सेल मुक्त बनाएंगे। हर नागरिक की स्क्रीनिंग कराएं, विवाह पूर्व सिकल सेल कार्ड को अनिवार्य रूप से अपनाएं और समाज में संकोच नहीं, समाधान का संदेश फैलाएं। शिविर में लोगो की सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई एवं सिकल सेल एनीमिया के प्रति जागरूक किया गया। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर में आए लोगो को आधार कार्ड, आयुष्मान भारत, कार्ड जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान, जनधन खातों के विवरण के साथ ही शिविर के माध्यम से सिकिल सेल रोग और उनके परीक्षण के बारे में आम जनता को जागरूक किया गया। हर घर जल, बिजली, पीएम उज्जवला योजना, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केन्द्र की स्थापना, छात्रावास निर्माण, प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना, पोषण वाटिका, मोबाइल नेटवर्क कनेक्टविटी, स्किल इण्डिया मिशन, डिजिटल इनीशिएटिव्स, टिकाउ कृषि पध्दतिया योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत केपेसिटि बिल्डिंग ऑन एफआरए एवं ट्रायबल स्टे होम-स्वदेश दर्शन के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। जनजातीय कार्य मंत्रालय के द्वारा दिए गए निर्देश अनुसार 15 जून से 30 जून 2025 तक जिले में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से चिन्हित गांव में धरती आबा अभियान अंतर्गत 40 वर्ष तक के आयु वर्ग के हितग्राहियों की सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग जांच किट से की जाएगी एवं स्क्रीनिंग का डाटा नेशनल सिकल सेल पोर्टल पर दर्ज किया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसडी कंवर, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिंहा, डीएचओ डॉ0 आरके शुक्ला, डीआईओ आनंद सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नगर परिषद के भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का अनशन



**शहडोल।** नगर परिषद बकहो में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने एक व्यापक अनशन का आयोजन किया है। कांग्रेस पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष राजीव शर्मा और नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने इस अनशन में भाग लिया, जिसमें नगर परिषद की कार्यप्रणाली के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की गई। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बताया कि इस अनशन का उद्देश्य उन घोटालों की जांच कराना है, जो लाइट सडक निर्माण और नल जल योजना के तहत हुए हैं। शर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह भ्रष्टाचार सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि सिस्टम की विफलता को दर्शाता है। हम मांग करते हैं कि इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई की जाए।अनशन की शुरुआत के चार दिन बाद भी जिला प्रशासन और नगर परिषद के जिम्मेदारों की ओर से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिलने के कारण कार्यकर्ताओं का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद बकहो के सामने टेंट लगाकर अपनी आवाज उठाई है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन की राह पर जा सकते हैं।कांग्रेस का दावा है कि स्थानीय निवासियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के नाम पर जो विकास कार्य किए गए हैं, उनमें भारी भ्रष्टाचार हुआ है। कांग्रस के नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि हमें न्याय नहीं मिला, तो हम सडकों पर उतरकर व्यापक आंदोलन करेंगे। स्थानीय निवासी भी इस मुद्दे में सक्रियता से शामिल हो रहे हैं। एक स्थानीय निवासी ने कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे टैक्स का पैसा सही तरीके से इस्तेमाल हो। हमें अपने ही देश में अपने अधिकारों के लिए लडना पड़ रहा है। इस बीच, नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। जब इस मामले पर प्रशासन से प्रतिक्रिया मांगी गई, तो एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं और उचित कार्रवाई करेंगे। अनशन के आयोजक इस बात पर जोर दे रहे हैं कि केवल जांच नहीं, बल्कि दोषियों को सजा देने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। शर्मा ने यह भी कहा कि उनका आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक कि उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं।

## वन्य जीवों एवं मानव दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास आवश्यकः कमिश्नर

### वन्य जीवों के सुरक्षा उपाय अपनाने पर हो रहे कार्यः संचालक




**शहडोल।** संभाग में गत वर्ष 10 जंगली हाथियों की आकस्मिक दुर्घटना में मौत हो गई थी, जो दुखद है। भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए निर्णयात्मक योजना तैयार कर अमल में लाना आवश्यक है, इसके लिए बांधवगढ़ नेशनल पार्क तथा संजय दुबरी नेशनल पार्क के अंतर्गत आने वाले जिलों में जहा से वन्य जीवों विशेषकर हाथियों के समूह गुजरते है उन मार्गों का चिन्हाकन तथा इसकी जानकारी आम जन तक पहुंचाकर सुरक्षा उपायो को अपनाने के लिए सभी विभाग आपस में समन्वय, सहयोग तथा सुरक्षा के मानको को अपनाकर वन्य जीवों एवं मानव दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक प्रयास करें। यह निर्देश आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभागीय मुख्यालय शहडोल में अमरकंटक सभागार में आयोजित वन्य जीवों एवं मानव सुरक्षा संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए।

### विद्युत लाइन की मरम्मत की जाए

आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने कहा कि हम सब शासकीय सेवक है, जन सेवा ही हम सब का लक्ष्य है सभी लोग संवेदनशीलता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि निर्देश दिए कि वन्य जीवों के साथ होने वाली दुर्घटनाओं का अध्ययन कर आवश्यक दवाओं तथा पीएम किट की व्यवस्था रखी जाए, पशु चिकित्सा विभाग के अमले को वन्य जीवों की चिकित्सा संबंधित प्रशिक्षण दिया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन को सुरक्षात्मक उपायो को अपनाने के लिए जागरूक किया जाए। वन क्षेत्रों से गुजरने वाली विद्युत लाइन के निर्धारित ऊंचाई तथा विद्युत लाइन की समय-समय पर मरम्मत की जाए। जिन मार्गों से हाथियों का विचरण होता है वहां क्राप पैर्टन में कृषि वैज्ञानिकों की सलाह की अनुसार परिवर्तन किया जाए। इन क्षेत्रों में करौदा, लेबन ग्रास, कैक्टस आदि कृषि गतिविधियां प्रोत्साहित की जाए।

### अनुपयोगी कुओं को कराये बंद

बैठक में संचालक बांधवगढ़ नेशनल पार्क डॉ. अनुपम सहाय ने कहा कि वन्य जीवों विशेषकर हाथी के विचरण मार्ग का पूर्वानुमान लगाने तथा सुरक्षा उपाय अपनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। श्री सहाय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों के विचरण की सूचना हेतु अलार्म सिस्टम, मिर्ची की धुंआ, सोलर फैंसिग आदि गतिविधिया की जा रही है। आपने वन क्षेत्रों में एन्सुलेटेड, विद्युत वायर का उपयोग करने तथा बिजली के नंगे तार बिछाकर वन्य जीवों के शिकार पर रोक लगाए जाने हेतु सूचना प्रणाली तैयार करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वन्य जीवों के पुराने कुओं में गिरने से मौत की घटनाएं प्रकाश में आई है इसके लिए ऐसे कुओं का चिन्हाकन कर उपयोग में आने वाली कुओं में मुरेड बनवाने तथा अनुपयोगी कुओं को मनरेगा योजना से बंद कराने का सुझाव भी दिया।

स्थानीय समूह तैयार करने की आवश्यकता

बैठक में वन संरक्षक अजय पाण्डेय ने कहा कि हाथियों एवं मानव अंतर्द्वंद रोकने के लिए शासकीय अमले एवं ग्रामीणों के मध्य समन्वय आवश्यक है। श्री पाण्डेय ने कहा कि विद्युत मंडल द्वारा जिन वन क्षेत्रों में विद्युत लाइनों को बदलने का काम किया जा रहा है वहां विभाग को पृथक से अनुमति लेने की आवश्यकता नही है। आपने हाथी विचरण वाले प्रभावित गांवो में सूचना प्रणाली मजबूत करने हेतु स्थानीय लोगो के समूह तैयार करने की भी आवश्यकता बताई।

### शांति बनाए रखने का सुझाव

बैठक में उप संचालक बांधवगढ़ नेशनल पार्क उमरिया पी.के.वर्मा ने बताया कि गत वर्ष हाथियों की मौत की दुर्घटना के बाद घटना के कारणों तथा उन्हें रोकने हेतु अध्यन के पश्चात रणनीति तैयार कर अमल में लाई जा रही है। आपने बताया कि हाथियों के विचरण मार्गों की जानकारी रखी जाती है, हाथियों को रेडियो कॉलर पहनाकर उनके व्यवहार की जानकारी रखी जाती है। जिन ग्रामों से हाथियों का विचरण देखने में आया है वहां जन जागरूकता अभियान चलाने के साथ ही हाथी मित्र बनाए गए है, चरवाहा सम्मेलन कर लोगो को जागरूक किया गया है तथा सुरक्षा उपकरण भी उपलब्ध कराया गया है। कुछ ग्रामों में स्टीट लाइट तथा वाटसअप ग्रुप तैयार किये गए है। लोगो को हाथियों के विचरण के दौरान शांति बनाए रखने तथा उनके विचरण को प्रभावित नही करने का सुझाव दिया गया है।

### मानव सुरक्षा भी महत्वपूर्ण

कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह ने कहा कि दुर्घटना के बाद लोगो को नुकसान पर राहत राशि शीघ्र प्रदान करने हेतु वन, राजस्व एवं कृषि विभाग के संयुक्त टीम से निरीक्षण कराकर शीघ्र प्रतिवेदन मिलने पर राशि का वितरण समय पर किया जा सकता है। कलेक्टर उमरिया श्री धरणेंद्र जैन ने कहा कि हाथियों की सुरक्षा के साथ-साथ मानव की सुरक्षा भी इतनी की महत्वपूर्ण है। प्रभावित ग्राामों में कंट्रोल रूम तथा शीघ्र कम्यूनिकेशन की व्यवस्था आवश्यक है। कलेक्टर अनूपपुर श्री हर्षल पंचोली ने कहा कि तकनीकी सहायता हेतु ऐप बेस मॉनीटरिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए।

### शासकीय अमले एवं ग्रामीणों के मध्य समन्वय आवश्यकः पाण्डेय

### क्राप पैटर्न बदलने का सुझाव

डीएफओ उमरिया विवेक सिंह ने वन क्षेत्रों से गुजरने वाले रेल विद्युत लाइन की ऊचाई बढाने, वन्य जीवों के पासिंग मार्ग में सेंसर लगाए जाने तथा क्रांसिंग पुल बनाए जाने का सुझाव दिया। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा नेशनल पार्कों में वाइल्ड लाइफ आधारित सर्व सुविधायुक्त पशु चिकित्सालय उपलब्ध कराने तथा विभागीय अमले को वन्य जीवों के प्रशिक्षण कराने का सुझाव दिया। कृषि विभाग एवं कृषि वैज्ञानिको द्वारा वन्य जीवों के विचरण वाले क्षेत्र में क्राप पैटर्न बदलने का सुझाव दिया गया। वन्य क्षेत्रों में प्रदूषित जल स्त्रोतो का उपयोग वन्य जीव नही करे इसके लिए समय-समय पर इन जल स्त्रोतो का क्लोरीनीकरण करने का सुझाव दिया। विद्युत मंडल के अधिकारियों ने वन क्षेत्रो में पुरानी बिजली लाइनों के जीर्णोद्धार कराने की बात कही। बैठक में शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, कटनी, सतना तथा सीधी जिलों के विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में बांधवगढ़ नेशनल पार्क के संचालक डॉ. अनुपम सहाय, वन संरक्षक शहडोल अजय पाण्डेय, कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र जैन, कलेक्टर अनूपपुर श्री हर्षल पंचोली, उपसंचालक बाधवगंढ़ नेशनल पार्क पी.के.वर्मा, उप संचालक संजय नेशनल पार्क, शहडोल, उमरिया तथा अनूपपुर के वन मंडलाधिकारी, कृषि, उद्यानिकी, विद्युत मंडल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि वैज्ञानिक, पशु चिकित्सा विभाग,लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहें।

## शार्ट टर्म कोर्स का प्रशिक्षण 1 जुलाई से 30 जुलाई तक

**शहडोल।** प्राचार्य संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था एस.के.वर्मा ने बताया कि शासकीय संभागीय आईटीआई में एक माह का शार्ट टर्म कोर्स का आयोजन स्पोक एवं हब मॉडल के तहत ग्लोबल स्किल पार्क भोपाल के सहयोग से शुरू किया जा रहा है। जिसमें कक्षा-8वी से लेकर 12वीं तक के छात्र/छात्राएँ अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। बेसिक कम्प्यूटर (30 दिवस), बेसिक इलेक्ट्रीशियन - (30 दिवस) व्यवसायों में 01 जुलाई 2025 से 30 जुलाई 2025 तक प्रशिक्षण दिया जावेगा जिसका प्रमाण-पत्र प्रशिक्षणार्थियों को प्रदान किया जायेगा। उक्त कोर्स में रजिस्ट्रेशन क्यू आर कोड से किया जा सकता है। उक्त कोर्स हेतु 250/-शुल्क देय होगा जो संबंधित प्रशिक्षणार्थियों द्वारा संस्था विकास निधि में जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए संस्था के हेल्पडेस्क पर कमल प्रसाद बैगा प्रशिक्षण अधिकारी से मोबाईल नंबर-7879419264 से संपर्क कर सकते हैं।

खबर संक्षेप

## ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण आज

**उमरिया।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन व्दारा ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का निरीक्षण 20 जून को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। उन्होने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा है कि ईव्हीएम गोडाउन कलेक्ट्रेट परिसर उमरिया में स्वयं या अपने प्रतिनिधि अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपेक्षा की है।

## 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस



**उमरिया।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु दुबे ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस 21 जून को मनाया जाएगा, जिसका योगाभ्यास जैव विविधता केंद्र ताला बांधवगढ़ में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रशिक्षित योग प्रशिक्षक मुकेश यादव व्दारा पूर्वाभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 जून को जैव विविधता केंद्र ताला बांधवगढ में कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें योगा के सभी आयामों को कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि योग मानव जीवन के बहुत आवश्यक है, योगा करने से मानव की बहुत बीमारियां स्वमेव की खत्म हो जाती है। योगा हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होने आम जन मानस से अपील की है अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जैव विविधता केंद्र ताला बांधवगढ़ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या पहुंचकर योगा करें।

## युवा संगम रोजगार मेला आज

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल केंद्र खलेसर नाका में युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन 20 जून को प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है। युवा संगम रोजगार मेले में वर्धमान यान मंडीदीप भोपाल, प्रगतिशील बायोटेक, एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड अनूपपुर, एलआईसी उमरिया, रिलाइंस निप्पोन, सहयोग माइक्रो फाइनेंस, प्रथम एजुकेशन जबलपुर तथा मोबाइल पे की कंपनी भाग लेगी।

## रामनगर पुलिस ने तीसरे फरार आरोपी को भी किया गिरफ़्तार



**हरिभूमि न्यूज रामनगर।** थाना रामनगर क्षेत्र में घटित नाबालिग बालिका के अपहरण एवं दुष्कर्म के गंभीर प्रकरण में पूर्व में दो आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद फरार चल रहे तीसरे आरोपी को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में फरार आरोपी कामता केवट पिता रामनरेश केवट, निवासी ग्राम रेउंदा, घटना के बाद से फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा एसडीओपी कोतमा के मार्गदर्शन में गठित टीम को सफलता मिली और बीती रात आरोपी कामता केवट को गिरफ़्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के पश्चात आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर 19 जून को न्यायालय में पेश किया जा रहा है, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने की संभावना है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुमित कौशिक, उप निरीक्षक बी.एल. परस्ते एवं उनकी टीम की भूमिका सराहनीय रही।

## आकाशीय बिजली की चपेट मे आकर दो मवेशियों की मौत


**हरिभूमि न्यूज़ कोतमा।** थाना अंतर्गत छूल्हा गांव में रहने वाले संतोष साहू के दो मवेशियों के आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत होने का मामला सामने आया है। मृत मवेशियों की कीमत 60 हजार के आसपास बताई जा रही है। घटना के बारे में मवेशी मालिक संतोष साहू ने बताया कि मंगलवार की शाम को भैंस एवं उसकी पडिया चर रही थी।

### धरातल पर फर्म मौजूद नहीं, जिम्मेदारों ने आंख मूंदकर किया भुगतान

# फर्जी फर्म पंचायतों में फैला रही उजाला

### फर्म संचालक ने धोखाधड़ी कर पंचायत से लिया लाभ

उमरिया। ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों में लगने वाले बिलों की यदि बात करे तो लगभग पंचायतों में देखने में आता हैं कि जिन फर्मों के बिल पंचायतों में लगे हैं, उन फर्मों की जमीनी हकीकत यह है कि मौके पर ना ऐसी कोई फर्म है और न ही कोई सामग्री, फिर भी ऐसी फर्मों के बिल लगातार पंचायतों में लगते जा रहे हैं और पंचायतों के जिम्मेदारों द्वारा फर्जी फर्मों के बिलों का भुगतान किया जा रहा है। जिले की बिरसिंहपुर पाली जनपद में ऐसी अनेकों फर्जी फर्मे ने पंचातयों में सप्लाई दी हैं, जिन्होंने मात्र जीएसटी नंबर लेकर भुगतान लिए हैं। बीते माहों में जनपद अंतर्गत आने वाली दर्जनों पंचायतों में सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी में विद्युत फिटिंग, एल.ई.डी.स्ट्रीट लाईट, पम्प हाऊस में बिजली फिटिंग जैसे कार्य किये हैं, जांच इस बात की भी की जानी चाहिए कि जो बिल लगाए हैं, वास्तव में उस सामग्री की खरीदी हुई है अथवा नहीं। वहीं यह भी जानना होगा कि लाखों की दुकानदारी करने वाले संचालकों के पास क्या एक नंबर की पूंजी थी। पहले क्या इनकम टैक्स विभाग में इन्होंने अपनी पूंजी को दर्शाया है। इन सभी मुद्दों की यदि ईमानदार अधिकारियों द्वारा जांच की जाए तो, जनपद की पंचायतों में लाखों रुपए का भ्रष्टाचार सामने आ सकता है।


MARUTI ENTERPRISES


MARUTI ENTERPRISES

### यह है मामला

बिरङ्क्षसहपुर पाली जनपद की कई पंचायतों में सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी में विद्युत फिटिंग, एल.ई.डी.स्ट्रीट लाईट, पम्प हाउस का ऑफ रिकार्ड ठेका मारूति इंटर प्राइजज नामक फर्म को दिया गया, उक्त फर्म का संचालन प्रिंशू श्रीवास्तव नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा है, उक्त फर्म का रजिस्ट्रेशन संभवतः एक बार बंद हुआ और दूसरी बार उक्त फर्म का रजिस्ट्रेशन पंचायतों में कार्य शुरू करने से पहले संभवतः 8 अगस्त 2024 को कराया गया, 19 मई को उक्त को वाणिज्य कर विभाग ने एक बार फिर बंद कर दिया, लेकिन फर्म बंद होने के पूर्व उक्त फर्म ने पंचायतों से लाखों का भुगतान लिया है।

### फर्म संचालक ने की धोखाधड़ी

मारूति इंटर प्राइजेज नामक फर्म का वाणिज्य कर विभाग में रजिस्ट्रेशन कराने दौरान फर्म संचालक द्वारा वार्ड नंबर 16 पटेल नगर शहडोल दर्शाया था, वहीं फर्म संचालक ने बिल में भी उक्त पते को अंकित किया, लेकिन पंचायतों से मिलने वाली मलाई के फेर में उक्त फर्म संचालक ने पंचायतों से धोखाधड़ी करते हुए पते को बिल में परिवर्तित करते हुए वार्ड नंबर 11 खलेसर, जिला उमरिया दर्शाया है, जिससे स्पष्ट होता है कि पंचायतों से लाभ लेने के फेर में उक्त संचालक द्वारा शासन से धोखाधड़ी की गई, अगर पंचायत सहित जनपद के जिम्मेदार इस मामले में संज्ञान ले और फर्म संचालक के विरूद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कराया जा सकता है।

### दूसरे दिन से शुरू हुआ भुगतान

फर्जीवाड़े में फर्जी फर्मों का साथ ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिवों ने बखूबी दिया है। मारूति इंटर प्राइजेज नामक फर्म को गौरेया, सलैया-01, सेमरिहा, बकेली, खेतौली, तिवनी, बेम्हौरी, चौरी, मलहदू, बरदढ़ार, औढ़ेरा से भुगतान हुआ है, फर्जी फर्म के बिलों की बिना जांच-पड़ताल किए ही पंचायत ने राशि भुगतान कर दिया। जबकि विद्युत कार्य में इतना सामान कहां लगा है, इसका ध्यान नहीं दिया है, आश्चर्य की बात तो यह है कि उक्त फर्म को भुगतान फर्म के चालू होने के दूसरे दिन 09 अगस्त से किया गया है। फर्म संचालक ने खलेसर का उल्लेख करके बिल कहां-कहां लगाये हैं, यह भी जांच का विषय है।

### इनका कहना है...

बिल में अगर अलग-अलग पते उल्लेखित हैं तो, गलत है, आप हमें बिल उपलब्ध कराएं, किसी प्रकार की लापरवाही पाई जाती है तो, विधि अनुरूप कार्यवाही करवाई जायेगी।

**कुंवर कन्हाई**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत, बिरसिंहपुर पाली**

# राज्य स्तरीय कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण

### विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस पर जिला चिकित्सालय में कार्यक्रम संपन्न





**उमरिया। विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय उमरिया में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर व्ही.एस चंदेल, धनुषधारी सिंह कि उपस्थिति मे कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनुषधारी सिंह ने कहा कि देष के प्रधानमंत्री, प्रदेश के राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री के सपनों को साकार करने हेतु विभागों के अधिकारी कर्मचारी समय-समय पर उचित परामर्श जांच उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा देश को स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाए जाने हेतु मानव के मानसिक शारीरिक स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले में टारगेट अनुसार शत प्रतिशत से ज्यादा स्क्रीनिंग पूर्ण की जा चुकी है एवं निरंतर स्क्रीनिंग का कार्य स्वास्थ्य संस्थानों में जांच एवं परामर्श व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। जेनेटिकल कार्ड का वितरण भी जिले में किया जा रहा है जिससे कि सिकल सेल वॉहक एवं रोगी की पहचान कर उनकी काउंसलिंग एवं उपचार को प्राथमिकता के साथ संपादित किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी डॉ.मुकुल तिवारी द्वारा जिले की स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग जिले में अब तक 2 लाख 17000 स्क्रीनिंग की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 436 सिकल सेल से ग्रसित मरीज पाए गए हैं एवं 2706 वाहक के रूप में पाए गए हैं जिनका समय-समय पर उपचार एवं परामर्श सेवाएं प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि सिकल सेल डिसेबिलिटी कार्ड 396 अब तक वितरण किया जा चुके हैं एवं एक 195000 कार्डों का वितरण किया जा चुका है। नोडल अधिकारी डॉ.मुकुल तिवारी ने आमजन से अपील की है कि सिकल सेल एनीमिया रोग को उन्मूलन करने हेतु समाज को आगे आना होगा एवं जागरूक होना होगा। उन्होंने बताया की शादी से पहले लडक़ा एवं लडक़ी की सिकल सेल एनीमिया की जांच करना आवश्यक है जिससे कि आगामी पीढ़ी को वंशानुगत बीमारी से बचाए जा सके। स्वास्थ्य संस्थानों में प्रसव के उपरांत 72 घंटे के अंदर नवजात की जांच भी किया जा रहा है एवं निमोकॉक्कल वैक्सीन का उपयोग भी किया जा रहा है जिससे कि परिवार उचित निर्णय लेकर में बच्चों की जांच कर अच्छी जिंदगी मिल सके।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास दिव्या गुप्ता द्वारा ग्राम में महिलाओं को जागरूक करने एवं गर्भवती माता व किशोरियों को संतुलित आहार लेने हेतु एवं समय-समय पर आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्ता द्वारा परामर्श सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बात कही गई। उन्होंने बताया कि गर्भवती माताएं को एवं ग्राम स्तर पर जागरूक करने हेतु विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्य को संपादित किया जाना उचित होगा। जनजाति कार्य विभाग की सहायक आयुक्त डॉक्टर पूजा द्विवेदी ने बताया कि ग्राम स्तर पर जनजाति के बीच स्क्रीनिंग एवं पॉजिटिव होने पर उपचार नियमित रूप से लेते रहे एवं परामर्श की सुविधा प्रदान करते रहें साथ ही। उन्होंने आवासीय हॉस्टलों में दर्ज छात्र-छात्राओं की स्क्रीनिंग की जाने हेतु हेतु नोडल अधिकारी से चर्चा की गई। इस अवसर पर बड़वानी जिले में प्रसारित लाइव कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला चिकित्साालय उमरिया में देखा एवं सुना गया। कार्यक्रम में डॉक्टर एल एन रोहिला, डॉक्टर आर एल द्विवेदी, शारदा प्रसाद गुप्ता एवं अन्य जिला चिकित्सालय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पैरामेडिकल स्टाफ एवं नर्सिंग स्टाफ उपस्थित रहा उक्त कार्यक्रम का संचालन रोहित सिंह द्वारा किया गया।

## ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत लगाया गया शिविर



**उमरिया।** भारत सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार जनजातीय समुदाय के लोगो को सशक्त बनाने तथा शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान चलाया जा रहा है। धरबी आबा जन जातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 30 जून तक उमरिया जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत इस अभियान के अन्तर्गत शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम किसान, जनधन खाता के वितरण के साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग डा पूजा व्दिवेदी ने बताया कि 18 जून को करकेली विकासखंड के ग्राम पंचायत झांपी, पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत अमिलिहा तथा मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बरबसपुर में धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत शिविर लगाया गया तथा शिविर में आए लोगों को पात्रतानुसार लाभ दिलाया गया। साथ ही शिविर में आधार कार्ड, आयुष्मान भारत, कार्ड जाति प्रमाण-पत्र, पीएम किसान, जनधन खातों के विवरण के साथ ही शिविर के माध्यम से सिकिल सेल रोग और उनके परीक्षण के बारे में आम जनता को जागरूक किया गया।

## कुआं में गिरे बैल को परिषद कर्मियों ने निकाला

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** नगर परिषद बनगवां ( राजनगर) के वार्ड क्रमांक 10 में एलसीएच कॉलोनी में शाम को एक बैल एक कुआ में गिर गया था। जिसकी सूचना नागरिको ने नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिह को दी गई। सूचना मिलते ही अध्यक्ष यशवंत सिंह ने नगर परिषद कर्मचारी को निर्देशित कर स्वयं की उपस्थिति मौके स्थल में पहुंचकर कुआं में गिरे हुए बैल को 4 घंटे की कड़ी मेहनत के पश्चात लगभग 40 कर्मचारीयो की मदद से उस बैल को सुरक्षित कुएं से बाहर निकलवाया। नगर परिषद ने सभी पशु पालकों से अपील की है, कि नगर के सभी मवेशी पालक अपने पालतू मवेशियों को अपनी देखरेख में सुरक्षित जगह रखें। जिससे किसी भी पशु के साथ कोई अप्रिय घटना न घटित हो।



## नशा मुक्ति के लिए निकाली गई जागरूकता रैली




**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कोतमा के वार्ड नंबर 9 स्थित आंगनबाडी के कार्यकर्ताओं द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा छोडो रिश्ता जोडो जनजागरूकता रैली निकाली गई जो इस्लामगंज से होते हुए रेलवे किनारे गया। जिसमे बुजुर्ग पुरूष एवं महिला शौर्य दल सदस्य अंजली मिश्रा, मात्र सह0मीरा कोल, मिश्रीलाल जायसवाल, संजय चतुर्वेदी, रिटायर जनपत बाबू कुंजबिहारी सहित अन्य महिला-पुरुष, कार्यकर्ता नाज़रा बेगम, सहायिका एलिशा फातिमा, उपस्थित हुए और नशा मुक्त की नारे लगाते हुए भ्रमण किये।

## मानपुर के स्टेडियम मैदान में स्ट्रीट लाईट लगाने के साथ ही बैडमिंटन प्ले ग्राउंड का किया गया निर्माण



**उमरिया।** नगर परिषद मानपुर की अध्यक्ष भारती सतीश सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वार्ड पार्षद ,वार्ड क्रमांक नंबर 5 अतुल तिवारी ,, उपयंत्री प्रभुनाथ पटेल एवं विद्युत उपयंत्री सत्य प्रकाश कुंभकार एवं नगर परिषद के सहयोग से खेल मैदान स्टेडियम मानपुर वार्ड क्रमांक नंबर 5 में स्टेडियम के चारों तरफ स्ट्रीट लाइट एवं खेल मैदान में बैडमिंटन प्ले ग्राउंड का निर्माण किया व स्टेडियम के चारों तरफ दीवार की पुताई एवं बाल पेंटिंग का सुंदर दृश्य बनाया गया, जिसमें समस्त नगर वासी एवं ग्रामीण जन खेलों में उत्साह के साथ निकाय को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि खेल मैदान में बैडमिंटन प्ले गाउंड के बन जाने पर अब खिलाडी इसका उपयोग कर सकेगे।

## युवा टीम ने दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को किया जागरूक



**उमरिया।** राष्ट्रीय सिकल सेल दिवस के अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन व मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में दीवार लेखन के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। स्लोगन के माध्यम से युवाओं ने बताया-सिकल सेल एक वंशानुगत रोग है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी चलता है। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने बताते हुए कहा कि इसमें सामान्य लाल रक्त कोशिकाएं सामान्य गोल न होकर हासिए (सिकल) के आकार की हो जाती है। इस आकार के कारण वे शरीर के अंगों में आक्सीजन कम मात्रा में पहुंचा पाती है। जिससे एनीमिया और दर्द उत्पन्ना हो जाता है। बीमारी के आगे की स्थिति में यह स्प्लीन, फेफड़ों व मस्तिष्क को भी प्रभावित करती है। इसमें सांस भरना और सीने में दर्द के लक्षण देखे जाते हैं। स्प्लीन प्रभावित होने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होकर शरीर संक्रमणों से प्रभावित हो सकता है। इसके लिए नियमित वैक्सीन एवं पांच वर्ष की आयु तक पैनीसीलिन दी जाती है। इसमें स्वच्छता के साथ अधिक मात्रा में पानी एवं संतुलित आहार दिया जाना चाहिए।सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है। जिसमें रक्त की कमी हो जाती है और मरीज को जोड़ों में दर्द, सीने में दर्द, थकान आदि लक्षण दिखाई देते हैं। भारत सरकार 2047 तक इस बीमारी से उन्मूलन चाहती है। चुंकी यह बीमारी अनुवांशिक है इसलिए शादी से पहले काउंसलिंग जरूरी है। सिकल सेल से पीड़ित दो व्यक्तियों को कभी भी आपस में विवाह नहीं करना चाहिए। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान हिमांशु तिवारी,शुभम पटेल राम तिवारी उपस्थित रहे।

# एसईसीएल में माइनिंग सरदार और ओवर मैन के 422 पद खाली

### 1516 स्वीकृत पदों में 1094 कर्मचारी कार्यरत

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर। कोल इंडिया व उसकी अनुषंगी कंपनी में माइनिंग सरदार व ओवरमेन के हजारों पद खाली पड़े हुए हैं। एसईसीएल में माइनिंग सरदार और ओवरमेन के 1516 स्वीकृत पदों में से 1094 पदों पर कर्मचारी कार्यरत हैं। 422 पद खाली पड़े हुए हैं। जिसकी वजह से काम प्रभावित हो रहा है।**

उल्लेखनीय है, कि कोल सेक्टर में माइनिंग सरदार और ओवरमैन का पद बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। कोल इंडिया की अनुषांगिक कंपनियों में माइनिंग सरदार और ओवरमैन के 25 फीसदी पद रिक्त हैं। कोल इंडिया की अनुषांगिक कंपनियों में माइनिंग सरदार के 6871 पद स्वीकृत हैं। 1 मई 2025 की स्थिति में स्वीकृत पदों के मुकाबले 5112 माइनिंग सरदार की कार्यरत हैं। 1759 पद रिक्त पड़े हुए हैं। जबकि माइनिंग सरदार और ओवरमैन का काम खदानों की सुरक्षा और इसकी निगरानी सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यों से जुड़ा होता है। बात करें एसईसीएल की तो यहां भी माइनिंग सरदार और ओवरमेन के लगभग 422 पद रिक्त पड़े हुए हैं। जिसकी वजह से खदानों की सुरक्षा व निगरानी का कार्य प्रभावित हो रहा है। माइनिंग सरदार के पदों की कंपनीवार स्थिति पर गौर करें तो ईसीएल में स्वीकृत पद 1372 हैं। तो कार्यरत 1021 एवं रिक्त पदो की संख्या 351 है। इसी तरह बीसीसीएल में स्वीकृत पद 713 हैं, तो कार्यरत 387 एवं रिक्त पदों की संख्या 326 है। सीसीएल में स्वीकृत पद 740 हैं तो कार्यरत 708 एवं रिक्त पदों की संख्या 32 है। डब्ल्यूसीएल में स्वीकृत पद 1373 हैं तो कार्यरत 1116 एवं रिक्त पदों की संख्या 257 हैं। एसईसीएल में स्वीकृत पद 1516 हैं तो कार्यरत 1094 एवं रिक्त पदों की संख्या 422 है।

### संभाग में भी एसईसीएल की कोयला खाने संचालित

एसईसीएल की मध्यप्रदेश में जो कोयला खदाने संचालित है, वह क्षेत्र शहडोल संभाग के अंतर्गत शहडोल, उमरिया, अनूपपुर जिले में आते हैं। जहां कोयला खनन का कार्य साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड द्वारा किया जाता है। जिसमें प्रमुख क्षेत्र सोहागपुर क्षेत्र, जोहिला क्षेत्र , जमुना - कोतमा क्षेत्र, हसदेव क्षेत्र आते है। इनके उपक्षेत्रो में कई भूमिगत खदानें तथा खुली खदानें कार्यरत है। जहां पर वर्तमान समय पर माईनिंग स्टाफ की कमी है। वर्तमान समय में तो जो पुराने अनुभवी माइनिंग सरदार एवं ओवरमैन थे। वह जिस भी खान में काम करते थे।

**सत्यापित हस्ताक्षर सुधार सूचना**

मैं राजेश आहूजा उम्र 60 वर्ष पिता स्व. श्री माधोदास आहूजा निवासी कोतमा रोड बुढ़ार जिला शहडोल (म.प्र.) यह कि मेरे ड्राइविंग अनुज्ञप्ति संख्या **MP18 20090052652** जो कि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी शहडोल से नवीनीकरण कराया गया है, जिसमें सत्यापित हस्ताक्षर मेरे नहीं है।

अतः मेरे ड्राइविंग लायसेंस में मेरे वास्तिविक हस्ताक्षर सत्यापित किया जाये।

**राजेश आहूजा**
**कोतमा रोड बुढ़ार**
**जिला शहडोल (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### विश्राम बाबा वार्ड की विभिन्न गलियों में दौड़ी फागिंग मशीन

**कटनी।** नगर के विभिन्न वार्डों में मच्छर जनित बीमारियों के प्रकोप पर नियंत्रण हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर फागिंग अभियान हेतु कैलेंडर निर्धारित किया जाकर निर्धारित कैलेंडर अनुसार नगर फागिंग मशीन से रासायनिक धुएं का छिड़काव किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगारिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार 17 जून को विश्राम बाबा वार्ड क्रमांक 44 में वार्ड पार्षद की जानकारी एवं दरोगा की मौजूदगी में ई रिक्शा में फागिंग मशीन रखकर विभिन्न गलियों में रासायनिक धुएं का छिड़काव कार्य किया गया। फागिंग अभियान के तहत विगत रात्रि विश्राम बाबा वार्ड की सुधार न्यास कॉलोनी की विभिन्न गलियों, यादव मोहल्ला, हाउसिंग बोर्ड कॉलानी, टावर गली लाइन, ज्वाला मंदिर मार्ग, कुम्हार मोहल्ला सहित वार्ड की अन्य गलियों में फागिंग मशीन से रासायनिक धुंए का छिड़काव किया जाकर नागरिकों को मच्छरों से प्रकोप से निजात दिलानें की कार्यवाही की गई।

### राजस्व विभाग के कर्मचारियों के जिला स्तरीय ट्रांसफर

**कटनी।** जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 के परिप्रेक्ष्य में जिले में कार्यालयीन एवं प्रशासकीय कार्य व्यवस्था एवं जनसुविधा को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग में पदस्थ तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के शासकीय सेवकों के स्थानांतरण करते हुए नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार एसडीएम कार्यालय कटनी में पदस्थ (मूल पदस्थापना जिला कार्यालय) राजाराम साहू, सहायक ग्रेड 3 की नवीन पदस्थापना एसडीएम कार्यालय विजयराघवगढ़ में की गई है। जबकि एसडीएम कार्यालय विजयराघवगढ़ में पदस्थ लखन लाल केवट की नवीन पदस्थापना एसडीएम कार्यालय कटनी में की गई है। इसी प्रकार तहसील कार्यालय बरही में पदस्थ अनिल कुमार रजक, भृत्य की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय बहोरीबंद में, तहसील बहोरीबंद में पदस्थ अवधेश प्यासी, भृत्य की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय कटनी में एवं तहसील कार्यालय बरही में पदस्थ अशोक विश्वकर्मा, भृत्य की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय कटनी की गई है। वहीं तहसील कार्यालय ढीमरखेड़ा में पदस्थ अनिल कुमार श्रीवास्तव, सहायक ग्रेड 3 की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय बहोरीबंद में की गई है।

### बरसात : खेती किसानी के लिए अमृत तो लोगों को बीमारियों की भी सौगात

**कटनी।** बरसात का मौसम जहां खेती-किसानी के लिए अमृत समान होता है वहीं दूसरी ओर यह मौसम लोगों के लिए बीमारियों की सौगात लेकर भी पहुंचता है। बारिश के कारण जगह जगह जल जमाव हो जाता है। आबादी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति एवं जल निकासी की व्यवस्था न होने के कारण मच्छर पनपने लगते हैं। यदि साफ पानी का जमाव है तो भी और गंदे पानी का जमाव तो पहले से नुकसानदेह है। पानी में ही डेंगू और चिकनगुनिया जैसी जानलेवा बीमारी फैलाने वाले मच्छर पनपते हैं। बरसात के साथ कई गंभीर बीमारियां भी दस्तक देती है। इन बीमारियों की रोकथाम के तमाम प्रयास के बावजूद लोग बीमार पड़ते हैं। बरसात के मौसम में खासतौर पर डेंगू व चिकनगुनिया जैसी बीमारिया खतरनाक साबित होती है। शासकीय अस्पताल हो या निजी सभी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ जाती है।

**बच्चों का रखें विशेष ध्यान**

बारिश के मौसम में वायरल बुखार का भी प्रकोप बढ़ जाता है। चूंकि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होती है। इस वजह से बच्चे इसके ज्यादा शिकार बन जाते हैं। बारिश में लगातार भीगने के कारण कई बच्चों को निमोनिया भी हो जाता है। सांस लेने में परेशानी होने लगती है।

# स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल सुलभ करवाना नगर परिषद की प्राथमिकता : शालिनी

### प्रदूषित व मटमैला जला पूर्ति की असमय उत्पन्न समस्या के कारणो को दूर कराने की गई सार्थक पहल

हरिभूमि न्यूज, बुढार।



नगर के विभिन्न वार्डों में प्रदाय करवाये जा रहे जलापूर्ति में असमय प्रदूषित व मटमैला की उत्पन्न समस्या व गुणवत्ता पर उठ रहे प्रश्नों को नगर परिषद ने गंभीरता से लेते हुए जरवाही जलापूर्ति स्थल का नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी विभागीयजनों व पार्षदों के साथ निरीक्षण की और समस्या को जनहित में निदान की दिशा में सार्थक पहल की जिसके फलस्वरुप वर्तमान समय पर वार्ड वासियों को समस्या से राहत मिल सकी है।

नगर परिषद बुढार द्वारा वर्तमान समय में सोन नदी जरवाही स्थित डैम से नगर बुढार के करीब 12 वार्डों में पाइप लाइन के द्वारा पेय जल की आपूर्ति करवाई जा रही है ,किंतु हाल ही में प्रदूषित व मटमैला पानी की आपूर्ति होने से पेयजल प्रदाय में सवालिया निशान उठने लगे थे जिस पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने सोन नदी जरवाही स्थित जलापूर्ति स्थल पर पार्षदों एवं औद्योगिक संस्थान के केमिस्ट टीम के साथ पहुंचकर दूषित पानी के रिसाव तथा उत्पन्न समस्या से अवगत हुई और विस्तृत चर्चाएं की तथा उत्पन्न समस्या का त्वरित समाधान पर जोर दी, जिसे गंभीरता से लिया गया।

नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने कहाकि - नगर परिषद क्षेत्र बुढार के वार्ड वासियों को स्वच्छ व शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना परिषद की प्रथम प्राथमिकता है, जिसमें किसी प्रकार की हीला - हवाली बर्दाश्त नहीं की जा सकेगी।

#### जरवाही स्थित सोन नदी

डैम स्थल के निरीक्षण अवसर पर नगर परिषद अंतोदय समिति अध्यक्ष पुष्पेंद्र ताम्रकार ,पूर्व पार्षद विक्रम बारी, रविकुमार रजक ,पार्षद श्रीमती सविता सिंह भदौरिया, जूली जैन ,जूली रजक, सी .एम.ओ .सौरभ श्रीवास्तव ,उपयंत्री सी.पी. पांडेय ,मनोज चतुर्वेदी, संजय द्विवेदी की उपस्थिति रही।



## योग के विभिन्न आयामों से बुढार महाविद्यालयीन छात्रों को कराया गया अवगत

बुढार ।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत महाविद्यालयीन छात्रों को योग से कैसे स्वस्थ रहे और , योग एवं प्राणायाम क्यों करना चाहिए से अवगत कराया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ राधेश्याम नापित ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम अवसर पर स्वस्थ एवं निरोगी रहने विभिन्न आयामों को विस्तृत रूप से अवगत कराया और इसे अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा छात्रों को प्रदान की। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.श्रीमती गंगा मिश्रा , राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. अनिल कुमार उपाध्याय , पुरुष कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राधेश्याम नापित, प्रथम इकाई के महिला कार्यक्रम अधिकारी एवं द्वितीय इकाई के महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रानी पटेल की विशिष्ट उपस्थिति रही, वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक अतुल सेन,शिवम्,आदर्श,शालिनी,स्वाति, ख़ुशी, पावनी, अंजनी, देवकी, अमीषा, निशा सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थित रही।

*जिला से लेकर पंचायत स्तर तक होंगे सामूहिक योग के कार्यक्रम*

## एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग की थीम पर होगा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संपूर्ण जिला स्तर से लेकर विकासखण्ड स्तर और ग्राम पंचायत स्तर तक सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सभी संबंधित विभागों को योग दिवस पर आयोजन संबंधित तैयारियां करने निर्देशित किया है।

जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा हो रहा है इसे देखते हुये अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायें।

ज्ञात हो कि योग को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के फलस्वरूप सयुंक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2015 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया था। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीमष एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योगष ( योगा फॉर वन अर्थ, वन नेशन) निर्धारित की गई है। कलेक्टर श्री यादव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के सबन्ध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जिला स्तर और विकासखण्ड स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित किये जाने वाले सामूहिक योग के कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक, आई टी आई एवं समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों के अलावा अन्य समस्त शैक्षणिक सस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। साथ ही योग सस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक संगठन तथा आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जाये।

संपूर्ण प्रदेश में निम्नानुसार पल-प्रतिपल समय-सारणी अनुसार एक ही समय पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। तय समय सारिणी के अनुसार सुबह 6 बजे से 6.30 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम एवं जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा। भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण सुबह 6.30 बजे से 6.40 तथा विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण 6.40 बजे से 7 बजे तक होगा। सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक किया जायेगा।

नगर निगम, तहसील, विकासखण्ड, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायतों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में एक प्रमुख स्थान पर वृहद आयोजन किये जाये। ऐसे छात्र या शासकीय सेवक जो सामूहिक योग के कार्यक्रम में भाग नहीं ले पा रहे हैं, वे अपनी शिक्षण संस्थाओं एवं कार्यालयों में ही योग कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकेंगे।

## प्रतीकात्मक शवयात्रा निकाल जताया विरोध, दी चेतावनी



सपा नेता डा. ए के खान ने नागरिकों के साथ सांकेतिक रूप से जिला प्रशासन और नगर निगम प्रशासन के आयुक्त के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के रूप में प्रतीकात्मक शव यात्रा निकाली गई। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम प्रशासन की कथित लापरवाही के कारण हो रही समस्याओं के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। यह विरोध प्रदर्शन सरकारी जमीन पर कब्जा करने के साथ राजस्व की चोरी के सम्बन्ध मे आयोजित रहा। डॉ खान ने बताया कि पूंजी पतियों के द्वारा हाउसिंग बोर्ड की सरकारी जमीन जो लगभग साढ़े 3 एकड़ की है उस पर बाउंड्री बाल बनाकर कब्जा कर लिया गया है, वही सरकारी रोड़ पर दीवाल बना कर जाम कर दिया गया हैं सारे जल स्रोतों को बंद कर दिया गया है। डॉ. ए .के .खान ने एसडीएम एवं नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंप वैधानिक कार्रवाई की मांग की हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर नगर निगम जल्द ही उचित कार्यवाही नहीं करता है, तो वे नगर निगम का घेराव कर उग्र आंदोलन करेंगे।

## स्वच्छता बनाये रखने सहित जलभराव की समस्या दूर करने चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गो को साफ एवं स्वच्छ रखकर नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था मुहैया कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा रोजाना दो शिफ्ट में मुख्य एवं अन्य मार्गो की सार्वजनिक सड़कों एवं नाले-नालियों की सफाई कार्य उपरांत कचरे के उठाव का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा डोर टू डोर कचरे का संग्रहण किया जाकर विभिन्न गलियों को भी साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास जारी है।

स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के उद्देश्य से विगत रात्रि रोड स्वीपिंग मशीन के माध्यम से बरगवां ओवर ब्रिज मे चांडक चौक से बरगवां तक मार्ग की सफाई कराई गई। वहीं स्वच्छता दूतों के माध्यम से बस स्टैंड के संपूर्ण परिसर सहित रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग, सुभाष चौक, झंडा बाजार, गोल बाजार, घंटाघर सहित अन्य मुख्य मार्गों की सफाई का कार्य किया गया। वहीं दैनिक सफाई व्यवस्था के दौरान नगर के विभिन्न वार्डो के मुख्य एवं अन्य मार्गो, डिवाइडर, सेल्फी प्वाइंट बाजार क्षेत्रों आदि की सफाई उपरांत कचरे का उठाव कार्य किया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।

आगामी वर्षा ऋतु के दौरान नगर के मार्ग में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने हेतु अभियान चलाकर की जाने वाली नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत बुधवार को माधव नगर स्थित सेवन इलेवन रेस्टोरेंट के बाजू स्थित बडे नाले की सफाई हेतु अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वच्छता दूतों के माध्यम से नाले में लगी खरपतवार एवं सिल्ट की तल्ली से सफाई की जाकर सुगम जल निकासी के प्रयास किये गए। वहीं नई बस्ती, राष्ट्रीय स्कूल के सामने स्थित नाले, रघुनाथ गंज वार्ड ओव्हर ब्रिज के पास की नालियों, आधार काप कटनी पब्लिक स्कूल के पास, बारडोली कॉलेज के सामने स्थित नाले, भट्टा मोहल्ला पानी की टंकी के सामने एवं संतोष बंशकार के घर के सामने से शमशान भूमि गेट तक, नेहरू वार्ड सीवर लाइन, वार्ड क्रमांक 9 स्थित हरिजन बस्ती के नाले, पाठक वार्ड सहित अन्य वार्डों के नालों की सफाई की गई।

*जल संरचनाओं का निर्माण एवं संरक्षण के लिए चल रहा अभियान*

## भू जल स्तर में वृद्धि करने एवं पानी को व्यर्थ बहने से रोकने बनाया रिचार्ज पिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य शासन द्वारा चलाये जा रहे प्रदेशव्यापी जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले भर में जल संरचनाओं का निर्माण, संरक्षण व संवर्धन एवं जीर्णोद्धार किया जा रहा है।

#### जलस्तर में होगी वृद्धि

इसी क्रम में जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बांधा के ग्राम ललितपुर में मनरेगा योजना के तहत 25 हजार रूपये की लागत से सार्वजनिक कूप रिचार्ज पिट स्वीकृत किया गया है। इस रिचार्ज पिट के निर्माण से ग्राम ललितपुर के सार्वजनिक कूप के जलस्तर में वृद्धि होगी।




रिचार्ज पिट में बारिश के पानी को इकट्ठा किया जाता है। इस पानी को फिल्टर करके धीरे-धीरे जमीन के अंदर रिसने दिया जाता है। यह प्रक्रिया भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने में मदद करती है, जिससे कुएं, बोरवेल और हैंडपंप जैसे जल स्रोत सूखते नहीं हैं और उनमें पानी की उपलब्धता बनी रहती है।

रिचार्ज पिट बनाने के लिए ऐसी जगह चुनें जहाँ बारिश का पानी इकट्ठा होता हो और जहाँ की मिट्टी पानी को रिसने दे। खेत के कोने या घर के पास की खुली जगह उपयुक्त हो सकती है। रिचार्ज पिट बनाने के लिए आमतौर पर 10Û10Û10 फीट (लंबाई, चौड़ाई, गहराई) का गड्ढा खोदा जाता है। गड्ढे में विभिन्न प्रकार की सामग्री की परतें बिछाई जाती हैं। जैसे सबसे नीचे बजरी या बड़े पत्थर की मोटी परत। उसके ऊपर छोटे पत्थर या गिट्टी की परत। फिर मोटी रेत की परत। कुछ जगहों पर जियोटेक्सटाइल का भी उपयोग किया जाता है ताकि महीन कण नीचे न जा पाएं।

#### 22 से 55 हजार का खर्च

रिचार्ज पिट बनाने का खर्चा उसके आकार, गहराई, इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री और जगह पर निर्भर करता है। आमतौर पर एक मानक रिचार्ज पिट बनाने में लगभग 22 हजार से 55 हजार रूपये तक का खर्च आ सकता है। मनरेगा जैसी सरकारी योजनाओं के तहत भी इसका निर्माण किया जाता है, जिससे लागत कम हो सकती है।

### सुरक्षा एवं आवश्यक बचाव हेतु निगमायुक्त नें चिन्हित किये राहत शिविर स्थल

## बाढ़ आपदा में राहत के लिए 10 दल प्रभारी सहित कर्मचारियों का दल गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

मानसून 2025 के दौरान बाढ़ संभावित स्थिति से निपटने तथा जान-माल की क्षति को कम करने हेतु पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने तथा अतिवृष्टि अथा बाढ़ की स्थिति में जल निकासी एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक बचाव, राहत कार्य एवं प्रबंध किये जानें हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे ने निचली बस्तियों क्षेत्र हेतु राहत शिविरों का चिन्हांकन करते हुए राहत दल का गठन किया है। निगमायुक्त द्वारा जारी आदेशानुसार नगर के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों हेतु 27 राहत शिविर चिन्हित किये जाकर 10 दल प्रभारी नियुक्त कर गठित दलों में कुल 48 कर्मचारियों को संलग्न किया गया है।

#### जलभराव क्षेत्र एवं राहत शिविर




निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार जलभराव क्षेत्र गाटरघाट आजाद चौक सागर पुलिया हेतु धन्ती बाई स्कूल भवन एवं शेर चौक पुरवार कन्या शाला को राहत शिविर के रूप में चिन्हित किया जाकर दल प्रभारी सुनील सिंह प्रभारी सहायक यंत्री के साथ पांच कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं मोहन घाट मसुरहा घाट आदर्श कॉलोनी हेतु नदी पार शाला भवन एवं सामुदायिक भवन जालपा देवी वार्ड में राहत शिविर बनाया गया है। जबकि राम मनोहर लोहिया वार्ड नदीपार, कुशवाहा नगर, सूर्या होटल के पास एवं आधारकाप क्षेत्र हेतु राहत शिविर रैन बसेरा बस स्टेंड, कुठला सामुदायिक भवन, शासकीय शाला भवन कुठला एवं पुरैनी को बनाया गया है।

इसी प्रकार जल भराव वाले संभावित क्षेत्र गांधी गंज जयप्रकाश वार्ड हेतु कनकने स्कूल घंटाघर एवं तिलक राष्ट्रीय स्कूल को राहत शिविर बनाया गया है। वहीं गिरजा घाट क्षेत्र, आधारकाप एवं चक्कीघाट हेतु सरस्वती शाला नई कटनी एवं सिंधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन में राहत शिविर बनाया गया है। इसी प्रकार अंबेडकर व वार्ड बाबा घाट हेतु पुरवार शासकीय भवन गणेश चौक, छात्र संग्राम परिषद शाला एवं सामुदायिक भवन एन.के.जे को, शहडोल रोड खिरहनी क्षेत्र हेतु निषाद स्कूल शाला भवन एवं प्राथमिक माध्यमिक शाला खिरहनी मे राहत शिविर बनाया गया है। जबकि छपरवाह, मंगल नगर पुलिया, लखेरा, सिमरार नदी पुलिया एवं एन.के.जे क्षेत्र के लिए सामुदायिक भवन मंगल नगर, शासकीय स्कूल छपरवाह एवं एन.के.जे स्कूल में राहत शिविर बनाया गया है।

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जलभराव वाले संभावित क्षेत्र माधवनगर सहित झिंझरी संपूर्ण क्षेत्र, दुगाडी नाला, पी.डब्लयू.डी कालोनी के पास एवं अर्जुन पैलेस के पीछे के क्षेत्र के लिए माधवनगर उप कार्यालय, रॉबर्ट लाईन स्कूल भवन एवं कैरिन लाईन स्कूल भवन को राहत शिविर के रूप में चिन्हित किया गया है। जबकि कटाये घाट क्षेत्र, अमकुही, दुगाडी पुलिया, हाउसिंग बोर्ड बस्ती, इंदिरा ज्योति कॉलोनी, आस्था प्लाजा, के आसपास राजू गुप्ता के घर के पास एवं बजरंग नगर कॉलोनी हेतु शासकीय शाला भवन झिंझरी, सामुदायिक भवन सुधार न्यास एवं कुम्हार मोहल्ला सहित सरस्वती स्कूल संजय नगर में राहत शिविर बनाये गए है।

#### रिजर्व क्षेत्र

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा अतिवृष्टि के दौरान आवश्यक बचाव, राहत कार्य एवं प्रबंध किये जाने हेतु रिजर्व क्षेत्र के रूप में नगर निगम कम्युनिटी हॉल, ए.रविन्द्र राव गुलाबचंद शाला भवन, मंगल नगर शासकीय शाला भवन, साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला, सहित विभिन्न वार्डों में स्थित सामुदायिक भवन को चिन्हित किया जाकर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

## बचैया में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचौया में गुरुवार 19 जून को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है। जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचौया में गुरूवार 19 जून को लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरूवार 26 जून को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में, गुरुवार 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में, गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक

### खेल पुरस्कार के लिए आवेदन

**कटनी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेल पुरस्कार 2025 के तहत एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाइफटाइम एचीवमेंट पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2025 की अवधि में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किए जाएंगे। समुद्र, जमीन एवं वायु आधारित साहसिक खेलों में भी पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

**खबर संक्षेप**

### वृद्ध आश्रम में रह रही वृद्धा की मौत

**अनूपपुर।** जिला मुख्यालय के समीप सीतापुर में स्थित वृद्ध आश्रम में रह रही 80 वर्षीय वृद्धा की मौत पर वृद्ध आश्रम के कर्मचारियों के साथ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने वृद्धा के शव को दफनाकर अंतिम संस्कार किया। बताया गया कि जिला मुख्यालय से लगे सीतापुर गांव में सामाजिक न्याय विभाग द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में 80 वर्षीय वृद्धा ससन कुमारी जिसे चार माह पूर्व राजनगर क्षेत्र से नागरिकों द्वारा लाकर रखा गया था जिसकि अचानक तबियत खबर खराब होने पर कर्मचारियों द्वारा जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाकर परीक्षण कराए जाने पर डियूटी डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किया गया जिसकी सूचना पर अस्पताल पुलिस द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए वृद्धा के शव का अंतिम संस्कार हेतु सौंपे जाने पर जाने पर वृद्ध आश्रम के पदाधिकारी जितेंद्र राठौर, भारत प्रसाद बैगा, नीलम सोनी के साथ ग्राम पंचायत बरबसपुर उप सरपंच सुजीत रजक, जिला मुख्यालय अनूपपुर के सामाजिक कार्यकर्ता शशिधर अग्रवाल द्वारा नगरपालिका अनूपपुर के सौजन्य से प्राप्त जेसीबी मशीन चालक गोपाल राठौर की मदद से सीतापुर स्थित सोन नदी के किनारे वृद्धा के शव को हिंदू रीति रिवाज अनुसार अंतिम संस्कार किया तथा ईश्वर से मृत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की।

### अमरकंटक कोदो प्रसंस्करण इकाई को नवाचार बुलेटिन के प्रथम अंक में मिला स्थान

**अनूपपुर।** जिला प्रशासन अनूपपुर द्वारा स्थानीय किसानों के आजीविका संवर्धन के लिए कोदो उत्पादन को बढ़ावा देने तथा उसकी प्रसंस्करण इकाई की स्थापना के लिए उल्लेखनीय व महत्वपूर्ण कार्य किया गया है। जिला प्रशासन के इस महत्वपूर्ण कार्य को मध्य प्रदेश राज्य नीति आयोग ने अपने नवाचार बुलेटिन के प्रथम अंक में स्थान प्रदान किया है। कलेक्टर हर्षल पंचोली के संदेश के साथ आजीविका अमरकंटक कोदो प्रोसेसिंग इकाई की विस्तृत जानकारी, पृष्ठभूमि, उद्देश्य, विवरण, प्रभाव, चुनौतियां आदि की जानकारी दी गई है। राज्य नीति आयोग के इस प्रथम अंक में अनूपपुर जिले को स्थान प्राप्त होने से कोदो का व्यापक प्रचार-प्रसार व आजीविका संवर्धन मे मदद मिलेगी। निश्चित ही अनूपपुर जिला प्रशासन द्वारा कोदो प्रसंस्करण इकाई की स्थापना कर आजीविका वृद्धि की दिशा मे सुशासन, सेवा वितरण और सहभागी विकास की दिशा में यह कार्य रचनात्मक प्रयासों का परिचायक है।


## मंत्री दिलीप जायसवाल पहुंचे पीड़ित के घर, सुनी मां की वेदना, व्यक्त की संवेदना

# समय और शराब पर पाबंदी लगाने के मंत्री ने दिए निर्देश

### पीड़ित परिवार को 50 हजार नगद एवं एक लाख स्वेच्छा निधि से प्रदान की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा।

कोतमा नगर के शुक्ला ढाबा पर शराब ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा कोतमा निवासी अमन नामदेव को वाहन से कुचलकर जिस घटना को अंजाम दिया गया उसको लेकर पचमढ़ी की बैठक एवं कैबिनेट की बैठक संपन्न करने के पश्चात भोपाल से वापस आते ही सर्वप्रथम इस घटना को लेकर मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोउद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने घटना को गंभीरता से लेते हुए घटना में घायल युवक अमन नामदेव के परिवार से मिलने 19 जून को कोतमा उनके निवास पहुंचकर घायल युवक की माता मधु नामदेव से मुलाकात, उनकी वेदना को सुना और घटना के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।





हरिभूमि
Date 19 Jun 2025
एसडीएम व एसडीओपी से मिले घायल युवक के परिजन व नगरवासी



#### बेहतर उपचार का दिया भरोसा

घटना में घायल अमन नामदेव की माता मधु नामदेव से मंत्री दिलीप जायसवाल ने बातचीत करते हुए पूरी घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा मधु नामदेव को भरोसा दिया कि उनके पुत्र अमन नामदेव का उपचार बेहतर तरीके से किया जाएगा। यदि परिवार जबलपुर मेडिकल कॉलेज के अलावा अन्य किसी चिकित्सालय में भी उपचार करना चाहता है तो उसकी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है सरकार और मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा उपचार की पूरी व्यवस्था की जाएगी।

#### 50 हजार नगद व 1 लाख स्वेच्छा निधि से प्रदान की सहायता राशि

कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल ने घटना में घायल युवक अमर नामदेव की माता से मुलाकात कर उन्हें तत्काल 50 हजार की सहायता प्रदान की तथा एक लाख की सहायता राशि स्वेच्छा निधि से शीघ्र प्रदान करने की बात कही जिससे कि पीड़ित परिवार को इस संकट की घड़ी में आर्थिक मदद मिल सके।

#### समय और शराब पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश

मंत्री दिलीप जायसवाल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के दौरान वहां उपस्थित कोतमा एसडीएम एवं थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दिए हैं कि नगर में कोई भी होटल ढाबा कहीं पर भी अवैध शराब की बिक्री पर कड़ी कार्यवाही की जाए इसके साथ ही समय सीमा निर्धारित की जाए जिससे कि इस तरह की दोबारा घटना घटित ना हो। इसका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है नगर में शांति व्यवस्था कायम रहे इसकी चिंता प्रशासन गंभीरता के साथ करें। जायसवाल ने मीडिया से भी अपेक्षा की है कि किसी भी घटना को तभी प्रसारित करें जब प्रमाणित हो जाए अन्यथा एक गलत सूचना के कारण कोई अप्रिय घटना भी घटित हो सकती है। इस दौरान कोतमा एसडीएम, थाना प्रभारी, भाजपा के मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हनुमान गर्ग, वरिष्ठ नेता प्रेमचंद यादव, धर्मेंद्र वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी राजेश सिंह तथा कोतमा भाजपा नगर के कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## रंगे हाथ पकडने के बाद भी अवैध रेत से भरी गाड़ी छुडा ले गये माफिया

# जिला प्रशासन पर भारी अवैध रेत माफिया

### खनिज विभाग ने दर्ज कराई एफआईआर, परंतु अभी पुलिस के हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

खनिज विभाग के लाख प्रयासों के बाद भी जिले में अवैध खनन रुकने का नाम नहीं ले रहा है, पत्थर मुरूम अन्य खनिज के अलावा बड़ी मात्रा में रेत का अवैध खनन पूरे चरम पर है, उसे ना तो खनिज विभाग की रोक पा रहा है और न ही करोड़ों का ठेका लेने वाली खनिज कंपनी ही लगाम लगा पा रही है। जिले के चचाई थाना अंतर्गत सोन नदी के तट से प्रतिदिन लाखों रुपए का खनिज अवैध रूप से उत्खन्नित किया जा रहा है और उसे खनिज माफिया आसपास की मंडियों में ऊंचे दामों में बेच रही है, ना तो खनिज अमला अवैध खनन करते हुए पकड़ पा रहा है और न ही मंडियों में पहुंच रही गाड़ियों को ही रोका जा रहा है। बीते दिनों सूचना मिलने पर देर रात खनिज विभाग की टीम ने चचाई थाना अंतर्गत ग्राम केल्हारी से होकर गुजरने वाली सोन नदी से निकाले जाने वाली अवैध रेत के खिलाफ जांच कार्यवाही की,



इस दौरान अवैध रेत से लगे कई ट्रैक्टर और मेटाडोर तो फरार हो गए, लेकिन खनिज विभाग की महिला इंस्पेक्टर श्रीमती ईशा और उनकी टीम ने अवैध खनन से लदे एक ट्रैक्टर को जप्त कर लिया।

#### रंगे हाथ पकडने के बाद भी गाड़ी छुडा ले गये माफिया

आधी रात हुई इस कार्यवाही के दौरान खनिज विभाग ने भले ही रंगे हाथों खनिज माफिया की एक ही गाड़ी को पकड़ा था लेकिन उसमें भी वह गच्चा खा गई, गाड़ी को छुड़ाने के लिए खनिज माफिया आधी रात को ही मौके पर लामबंद हो गया और फिर खनिज अधिकारियों को डरा धमका कर वहां से भगा दिया गया। यही नहीं जब्त की गई गाड़ी भी विभाग के अधिकारियों से छुड़ा ली गई, डरे सहमे खनिज विभाग के अधिकारियों ने चचाई थाने की शरण ली और इस संदर्भ में FIR दर्ज कराई। इस मामले में चचाई पुलिस ने खनिज इंस्पेक्टर श्रीमती ईशा की शिकायत पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध तो कायम कर लिया लेकिन पुलिस अभी भी इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने में असफल रही, जबकि खनिज विभाग के द्वारा स्पष्ट रूप से नामो का उल्लेख किया गया था, तथाकथित दबंग आज भी ग्राम केल्हौरी और चचाई में खुलेआम घूम रहे हैं।

#### सरकारी नुमाइंदे ही कर रहे मुखबिरी

खनिज विभाग से मिले सूत्रों की माने तो जैसे थाने में पदस्थ कर्मचारी तथा कुछ अन्य बीट अधिकारियों ने पूरे अवैध खनन को संरक्षण दिया हुआ है, खनिज की टीम जब भी चचाई सोन नदी की ओर छापे के लिए गुजरती है तो पुलिस और खनिज माफिया का खुफिया तंत्र उस पर नजर रखता है और कार्यवाही होने और धरपकड़ से पहले ही वाहन किनारे कर दिए जाते हैं। पुलिस विभाग से मिले संरक्षण के कारण ग्राम केल्हौरी में संगठित आपराधिक गिरोह जन्म ले चुका है जो भविष्य में गंभीर वारदातों को भी अंजाम दे सकते हैं, इस पूरे मामले में चचाई पुलिस द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही न करने से तथाकथित लोगों के हौसले बुलंद हो चुके हैं, इस पूरे मामले में अनूपपुर के पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तथा वरिष्ठ अधिकारियों से स्थानीय जनों ने क्षेत्र के अमन चैन के लिए बड़ी कार्यवाही की मांग की है।

# तीन दिनों से राजेंद्रग्राम इलाके में विचरण कर रहे चार हाथी, कई ग्रामीणों के तोड़े मकान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



चार हाथियों का समूह विगत तीन दिनों से राजेंद्रग्राम इलाके में विचरण कर रहा है जो दिन के समय जंगलों में ठहरने बाद रात होते ही आहार की तलाश में ग्रामीण अंचलो में पहुंचकर ग्रामीणों के घर में तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचा रहा है। गुरुवार के दिन चारों हाथी वन परिक्षेत्र, थाना राजेंद्रग्राम के छीटपानी बीट के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। चार हाथियों का समूह 14 जून की रात छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके से अनूपपुर जिले के जैतहरी, अनूपपुर क्षेत्र में विचरण करते हुए विगत तीन दिन पूर्व वन परिक्षेत्र, थाना राजेंद्रग्राम के क्षेत्र में पहुंचकर विचरण कर रहा है। यह हाथी तीन दिन पूर्व बैहार के इलाके से पहाड़ चढ़ कर राजेंद्रग्राम के गिरारीखुर्द, शिवरीचंदास गांव में रात में विचरण करते हुए बुधवार की सुबह बघर्रा के जंगल में दिन में ठहरते हुए रात होने पर बघर्रा से लोहारिनटोला से जोहिला नदी पार कर बसनिहा में अनूपपुर-अमरकंटक मुख्य मार्ग पर विचरण करते हुए देर रात बरटोला, जींलग, छपानी होते हुए गुरुवार की सुबह छीदपानी बीट के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। हाथियों द्वारा मंगलवार की रात गिरारीखुर्द गांव में नाहर सिंह, जय सिंह, गर्जन सिंह, शिवरीचंदास में हीरालाल सिंह के घरो में तोड़फोड़ करते बुधवार को दिन में बघर्रा के जंगल में ठहरने बाद रात मे जंगल से निकल कर बघर्रा निवासी गुलजार सिंह, बसनिहा निवासी संजय अवस्थी, रम्मू यादव, बरटोला निवासी रम्मू सिंह, जींलग निवासी कृष्णा सिंह, भगवान सिंह, छपानी निवासी श्यामलाल सिंह के घरों में तोड़फोड़ करते हुए गुरुवार की सुबह छीदपानी के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहे हैं। हाथियों के निरंतर विचरण पर वनविभाग का गस्तीदल स्थानीय ग्रामीणो एवं विभिन्न विभागों के साथ संपर्क बनाकर निरंतर निगरानी कर रहा है इस बीच ग्रामीणों को सतर्क एवं सुरक्षित रहने की अपील की गई है, हाथियों के द्वारा किए जा रहे नुकसान पर राजस्व विभाग एवं वन विभाग की संयुक्त टीम मुआवजा प्रकरण तैयार कर रही है हाथियों के फिर से उसी रास्ते एवं गांव से होकर आने पर ग्रामीण चिंतित एवं परेशान है।

# 10 दिन में उखड़ी 10 लाख की सड़क



### ब्लॉक कांग्रेस समेत नगरवासियों ने सीएमओ को सौंपी शिकायत

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** नगर में ठेकेदारों के द्वारा घटिया एवं गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य के साथ ही भ्रष्टाचार चरम पर है। नगर के वार्ड 5 एवं 6 के मध्य 15 दिनों पूर्व निर्मित डामरीकृत सड़क घटिया एवं गुणवत्ताविहीन होने के कारण पूरी तरह से उखड़ गई है। घटिया निर्माण को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज सोनी एवं नागरिकों द्वारा नगर पालिका सीएमओ को शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की गई है।

#### 15 दिनों के अंदर सड़क पूरी तरह जर्जर

बताया जाता है कि 10 लाख 60 हजार रुपए की लागत से 710 मीटर सड़क का डामरीकरण का कार्य ठेकेदार अजय यादव एंड कंपनी द्वारा किया गया है। वार्डवासी पंकज अग्रवाल, सतीश, मनोज, राजेश, सहेंद्र, पंकज, ब्रजकिशोर, शंकर सहित अन्य लोगों का कहना है कि ठेकेदार के द्वारा डामर की सड़क बनाने की जगह लेप लगाने के साथ ही गुणवत्ता विहीन कार्य करते हुए मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना की धज्जियां उड़ाते हुए शासन के पैसों की होली खेली गई है। सड़क निर्माण के दौरान इंजीनियर सहित जिम्मेदार निरीक्षण करने भी नहीं आए। जिस कारण दूसरे दिन से ही सड़क से गिट्टी उखड़ने लगी थी। 15 दिनों के अंदर सड़क पूरी तरह जर्जर नजर आने लगी है। बताया जाता है कि कायाकल्प योजना के तहत नगर में जर्जर सड़कों की मरम्मत का कार्य शुरू करवाया गया है लेकिन ठेकेदार अजय यादव ने शासन की मंशा पर पानी फेरने का कार्य किया जा रहा है। नगर के पुरानी बस्ती अग्रवाल पेट्रोल पंप के सामने से पीपल चौक तक डामरीकरण निर्माण कार्य किया गया है। ठेकेदार के द्वारा घटिया सड़क बनाई गई है वही कई जगह सड़क अधूरी भी है। जिसके कारण वार्डवासी परेशान होते है। निर्माण को लेकर जमकर नाराजगी जताई जा रही है।

#### 10 दिन में उखड़ी 10 लाख की सड़क

ठेकेदार के द्वारा 10 लाख 60 हजार की लागत से बनाई गई सड़क 10 दिनों के अंदर कई जगह से उखड़ गई है। लोगों का कहना है कि बारिश होते ही पूरी सड़क बह जाएगी। और जनता के पैसों की होली खेली गई है। डामरीकरण सड़क का कार्य अधूरा छोड़ देने के कारण छोटी-छोटी गिट्टी सड़क पर बिखर गई है जिसके कारण दो पहिया वाहन चालक आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जिसके कारण लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

#### भ्रष्ट्राचार के लेप से तैयार हुई सड़क

ठेकेदार के खिलाफ कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज सोनी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सीएमओ को शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की गई साथ ही ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करते हुए भुगतान रोकने को लेकर चर्चा की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया कि अत्यंत घटिया निर्माण किए जाने के कारण दूसरे दिन से ही गिट्टी उखड़ने लगी थी जो अब पूरी तरह जर्जर हालत में पहुंच गई है।

#### यहां भी सड़क जर्जर

नगर के अंदर कई जगह ठेकेदार के द्वारा डामरीकृत सड़क का निर्माण कर करवाया गया है लेकिन गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण बनिया टोला से बाजार की ओर जाने वाली सड़क में जगह-जगह पानी भर जाता है। साथ ही होंडई शोरूम से शिशु भारती स्कूल जाने वाले रास्ते मे भी जगह जगह सड़क पर पानी भरा रहता है साथ ही जगह जगह से सड़क उखड़ने लगी है इतना ही नही केशवाही तिराहा से पुरानी बस्ती जाने वाली डामरीकृत सड़क में जगह-जगह से उखड़ने लगी है। जबकि उपयंत्री द्वारा यह कहा गया था कि यदि सड़क जर्जर होती है तो संबंधित ठेकेदार के द्वारा तीन साल तक मेंटेनेंस का कार्य किया जायेगा लेकिन आज तक मेंटेनेंस का कार्य ठेकेदार के द्वारा नही करवाया गया। वार्ड वासियों का कहना है कि इस बारिश मे सड़क पूरी तरह से जर्जर हो जायेगी सड़क चलने लायक नहीं बचेगी। नगर पालिका के अध्यक्ष एवं सीएमओ को ऐसी गुणवत्ता विहीन सड़कों का निरीक्षण करते हुए ठेकेदार के खिलाफ भी कार्यवाही करते हुए सड़क का मेंटेनेंस कार्य करने के निर्देश दिये जाने चाहिए।

#### इनका कहना है

ठेकेदार को नोटिस जारी कर पुनः सड़क निर्माण करने के निर्देश दिए गए है। कार्य न करने पर ब्लैकलिस्ट की कार्यवाही भी शुरू की जाएगी। साथ ही अन्य जगहों पर डामरीकृत सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया था जो मरम्मत योग्य है। निरीक्षण करते हुए मेंटेनेंस कार्य संबंधित ठेकेदार से दोबारा करवाया जायेगा।

**प्रदीप झारिया, सीएमओ**
**नगर पालिका कोतमा**

## अनूपपुर में 5 जुलाई को होगा आध्यात्मिक उत्सव का आगाज

# शहर में पहली बार निकलेगी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा


हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

शहर में इस्कॉन केंद्र की स्थापना कुछ समय पूर्व की गई। इस्कॉन केंद्र में प्रति सप्ताह रविवार को सायं 05 बजे से 07 बजे तक सत्संग का आयोजन होता है एवं अन्य धार्मिक आयोजनों का सिलसिला लगातार जारी है। इस्कॉन केंद्र ने सभी के सहयोग से प्रथम बार अनूपपुर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकालने का बीड़ा उठाया है और उसके बारे में कई बैठक हो चुकी एवं तैयारियां जोर-शोर से जारी है। 19 जून को इस्कॉन केंद्र अनूपपुर में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इसमें इस्कॉन केंद्र की स्थापना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया एवं बताया गया कि आने वाले कुछ समय पश्चात अनूपपुर में भी इस्कॉन मंदिर की स्थापना की जाएगी। इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। इस्कॉन केंद्र के प्रमुख अनूपपुर केंद्र के प्रभारी चैतन्य मनोहर दास एवं प्रशांत पांडे ने पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिनों श्री जगन्नाथ रथ यात्रा के आयोजन संबंधित बैठक इस्कॉन केंद्र में आयोजित की गई। जिसमें रथ यात्रा के सफल आयोजन हेतु विचार विमर्श किया गया। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा 5 जुलाई 2025 को निकाली जाएगी। बैठक में रथ यात्रा के मार्ग का निर्धारण किया गया। भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा शिव मारुति मंदिर, सामतपुर से



प्रारंभ होकर बस स्टैंड, आदर्श मार्ग, स्टेशन चौक, राम जानकी मंदिर, गुरुद्वारा रोड, पीएचई ऑफिस,अंडर ब्रिज, स्मार्ट सिटी से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर के मैदान में समाप्त होगी। रथ यात्रा लगभग 1 बजे से प्रारंभ होगी जिसका शुभारंभ कलेक्टर अनूपपुर एवं नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा किया जाएगा उन्होंने बताया कि रथ यात्रा के साथ हरिनाम संकीर्तन, भक्तों के द्वारा नृत्य, महाप्रसाद वितरण होगा। उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में रथयात्रा का समापन कार्यक्रम आयोजित होगा। समापन कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ को छप्पन भोग लगाया जाएगा।जिसके लिए स्थानीय निवासी भगवान जगन्नाथ के लिए सात्विक भोग जिसमें कच्चा भोजन और मिष्ठान इत्यादि जो कुछ भी वक्त भगवान को अर्पित करना चाहे ला सकते हैं। छप्पन भोग के पश्चात भगवान जगन्नाथ की आरती होगी और वरिष्ठ भक्तों के द्वारा भगवान जगन्नाथ की कथा, भजन कीर्तन एवं फिर सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था होगी। इस आयोजन के लिए सभी अनूपपुर एवं निकट के ग्रामों में बृहद रूप से प्रचार प्रसार किया जाएगा। रथ यात्रा के लिए बृहद स्तर पर स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों से संपर्क कर सहयोग का आग्रह किया जा रहा है।रथ यात्रा से संबंधित किसी भी जानकारी एवं सहयोग हेतु चैतन्य मनोहर दास से इस्कॉन केंद्र में संपर्क किया जा सकता है। पत्रकार वार्ता में बताया गया कि भगवान जगन्नाथ का रथ महाकाल की नगरी उज्जैन में बनकर तैयार हुआ है। जो छिंदवाड़ा पहुंच चुका है। यह प्रथम रथ है जो 9 स्थान पर जाएगा। जिसमें प्रमुख है छिंदवाड़ा, अमरवा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर, अमरकंटक एवं नैनपुर। उन्होंने कहा कि अनूपपुर के इतिहास में पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकलेगी। जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की झांकी शहर का भ्रमण करेगी यह आध्यात्मिक उत्सव होगा। अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) संस्थापकाचार्य कृष्णकृपामूर्ति श्रीमद् ए.सी. भक्तिवेदान्त स्वामी प्रभुपाद की कृपा से यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। बताया गया कि रथ के ऊपर विराजमान भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन एवं रथ खींचने से व्यक्ति भौतिक जगत में पुनः जन्म नहीं लेगा। उन्होंने कहा कि भक्ति भाव से रथ खींचने का सौभाग्य, हरिनाम संकीर्तन, भगवान जगन्नाथ जी की आरती, छप्पन भोग, भगवान जगन्नाथ की कथा एवं भजन, आध्यात्मिक लाभ और भगवतकृपा के साथ ही महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा। इस्कॉन केंद्र अनूपपुर ने समस्त भक्तजन से अपील की है कि परिवार सहित इस दिव्य उत्सव में पधारें और भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की कृपा प्राप्त करें।

### कानूनी जानकारी देने विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन



**अनूपपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार 19 जून को ग्राम पंचायत पसला में नालसा (असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए विधिक सेवाऐं) योजना 2015 के संबंध में एवं ग्राम पंचायत बिजौड़ी में नालसा (आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाऐं) योजना 2015 के संबंध में तथा ग्राम पंचायत कोलमी में नालसा (गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2015 के संबंध में कानूनी जानकारी देने हेतु विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी बृजेश पटैल ने शिविर में उपस्थित होकर उक्त योजनाओं के विषय में विस्तार से लोगों को अवगत कराया तथा निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह योजना, मध्यस्थता योजना, बाल विवाह निषेध, नेशनल लोक अदालत, यातायात नियम, नशा उन्मूलन एवं अपराध पीड़ति प्रतिकर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान शिविर में चीफ डिप्टी लीगल एड डिफेंस काउंसिल शाबिर अली, पैरालीगल वालेंटियर श्रीमती अमृतिया सिंह एवं कु0 मधु सिंह, ग्राम पंचायत पसला से सरपंच श्रीमती संतरी सिंह, सचिव कृष्णमूर्ति प्रजापति, ग्राम पंचायत बिजौरी से सचिव मनोज कुमार राठौर, ग्राम पंचायत कोलमी से सरपंच राजू प्रसाद पनिका, सचिव सम्मेलाल राठौर तथा संबंधित ग्राम के ग्रामीणजन उपस्थित रहे।